Publication: **Amar Ujala** | Region: **Delhi** | Date: 26/**09/2013** | Page No.: **15**

रिलायंस ने पेश किया बीमा का डिमेट फॉर्म

नई दिल्ली(ब्यूरो)। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (आरएलआईसी) के सभी जीवन बीमा उत्पाद अब इलेक्ट्रानिक डीमेट फार्म में उपलब्ध होंगे। रिलायंस लाइफ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनूप राउ का कहना है कि इलेक्ट्रानिक बीमा अकाउंट से बार-बार केवाईसी की आवश्यकता से निजात मिल जाएगी और इससे एक ही जगह सभी पॉलिसियों की जानकारी, भुगतान किए गए प्रीमियम, क्लेम हिस्ट्री और नामिनी का ब्योरा उपलब्ध हो सकेगा।